24 NEWS UPDATE

ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 04 मई 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 3 अंक 29



# बंगाल में पहली बार भाजपा को प्रचंड बहुमत, तमिलनाडु में विजय फैक्टर का विस्फोट, केरल में कांग्रेस की वापसी




| परिणाम (कुल सीटें) | | |
|---|---|---|
| राज्य | जीत/बढ़त | कुल सीटें |
| पश्चिम बंगाल | 190+ | 294 |
| तमिलनाडु | TVK 100+ | 234 |
| असम | 85+ | 126 |
| केरल | UDF 90-100 | 140 |
| पुडुचेरी | 20+ | 30 |

**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली, 4 मई। देश के पांच राज्यों—पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी—में आए विधानसभा चुनाव परिणामों ने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी है। इन चुनावों में सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती ताकत और विपक्षी गठबंधन की कमजोर होती पकड़ के रूप में सामने आया है। खासकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक बढ़त ने राष्ट्रीय राजनीति में बड़ा भूचाल ला दिया है।

### बंगाल में 'कमल' का ऐतिहासिक उदय

294 सीटों वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़त बनाकर इतिहास रच दिया। शुरुआती रुझानों और परिणामों में भाजपा 190 से अधिक सीटों पर आगे दिखाई दी, जबकि तृणमूल कांग्रेस को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, "गंगोत्री से गंगासागर तक अब कमल खिल चुका है।" उन्होंने बंगाल की जीत को "ऐतिहासिक और अभूतपूर्व" बताया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बंगाल में भाजपा की जीत केवल सरकार बदलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूर्वी भारत में पार्टी के स्थायी विस्तार का संकेत है। अवैध घुसपैठ, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और संगठन की आक्रामक रणनीति चुनाव के प्रमुख मुद्दे रहे। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपनी भवानीपुर सीट से बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन पार्टी का समग्र प्रदर्शन कमजोर रहा।

### असम में भाजपा की लगातार तीसरी जीत

126 सीटों वाले असम विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की मजबूत स्थिति बनाई। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने विकास, बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय सुरक्षा को मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि "ब्रह्मपुत्र और मां कामाख्या के आशीर्वाद से भाजपा ने असम में हैट्रिक बनाई है।"

### तमिलनाडु में विजय फैक्टर ने तोड़ी पुरानी राजनीति

तमिलनाडु में इस बार सबसे बड़ा राजनीतिक सरप्राइज अभिनेता विजय की पार्टी तमिझगा वेत्री कषगम (TVK) रही। शुरुआती नतीजों में पार्टी 100 से अधिक सीटों पर बढ़त बनाती दिखी, जिससे राज्य की दशकों पुरानी डीएमके-एआईएडीएमके राजनीति को बड़ा झटका लगा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन अपने पारंपरिक गढ़ कोलाथुर सीट पर पिछड़ गए। राजनीतिक विशेषज्ञ इसे "जनरेशन-Z वेव" और युवाओं के राजनीतिक बदलाव की शुरुआत मान रहे हैं। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं और शहरी मतदाताओं में विजय को जबरदस्त समर्थन मिला।

### केरल में यूडीएफ की वापसी

140 सीटों वाले केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ गठबंधन ने दस साल बाद सत्ता में वापसी की मजबूत स्थिति बना ली। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को एंटी-इनकंबेंसी का बड़ा फायदा मिला।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए इसे "जनता के विश्वास की जीत" बताया।

### पुडुचेरी में एनडीए की वापसी तय

30 सीटों वाले पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने स्पष्ट बढ़त हासिल की। एन. रंगासामी की पार्टी एआईएनआरसी और भाजपा गठबंधन ने सत्ता में वापसी की ओर मजबूत कदम बढ़ाए।

### विपक्षी INDIA गठबंधन को बड़ा झटका

इन चुनाव परिणामों ने विपक्षी INDIA गठबंधन की रणनीति और एकजुटता दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, तमिलनाडु में डीएमके और केरल में वाम गठबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन परिणामों का सीधा असर 2029 के लोकसभा चुनावों पर भी दिखाई देगा। भाजपा अब देश के अधिकांश राज्यों में प्रत्यक्ष या गठबंधन सरकारों के साथ और अधिक मजबूत स्थिति में पहुंचती दिखाई दे रही है।

### आर्थिक और राजनीतिक असर

चुनावी परिणामों के बाद शेयर बाजार और कारोबारी वर्ग में भी सकारात्मक माहौल देखा गया। उद्योग जगत ने बंगाल और अन्य राज्यों में स्थिर सरकार बनने को निवेश और उद्योगों के लिए सकारात्मक संकेत बताया। देशभर में भाजपा कार्यालयों पर जश्न का माहौल है। दिल्ली, कोलकाता, गुवाहाटी और जयपुर सहित कई शहरों में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, आतिशबाजी की और विजय जुलूस निकाले। वहीं विपक्षी दल हार के कारणों की समीक्षा और नई रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

## पांच राज्यों में भाजपा की जीत पर उदयपुर में भव्य विजय उत्सव, कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मनाई खुशी, मिठाई बांटकर दी बधाई



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। देश के पांच राज्यों में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा शहर जिला उदयपुर द्वारा सूरजपोल चौराहे पर भव्य विजय उत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जताई तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल और मोर्चा कार्यकर्ता, पार्षद तथा पार्टी के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी मौजूद रहे। पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़ ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री के नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने इसे जनता के विश्वास की जीत बताते हुए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। मीडिया प्रभारी डॉ. सीमा चंपावत ने बताया कि कार्यक्रम में फूलसिंह मीणा, ताराचंद जैन, रजनी डांगी, अतुल चंडालिया, करण सिंह शक्तावत, दिग्विजय श्रीमाली, किरण तातेड, जगदीश शर्मा, शम्भू गमेती, गिरीश शर्मा, अशोक शर्मा, विजय आहुजा, प्रताप सिंह राठौड़, मुकेश जोशी, रणजीत दिगपाल, कन्हैया वैष्णव, मोहन पटेल, महेश गोस्वामी, अमृत मेनारिया, किरण जैन, लवदेव बागड़ी, गोपाल कुंवर शक्तावत, शैलेन्द्र चौहान, दीपक बोलिया, पिंकी मंडावत, विजय लक्ष्मी कुमावत और कुंतल जोशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विजय उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत को देश की जनता का विश्वास बताते हुए आगामी चुनावों में भी इसी तरह जनसमर्थन बनाए रखने का संकल्प लिया।

## सीएम भजनलाल शर्मा और मंत्रियों ने झालमुड़ी खाकर मनाया भाजपा की जीत का जश्न



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर, 4 मई। पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद राजस्थान में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में जश्न मनाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों और पार्टी नेताओं के साथ मुख्यमंत्री आवास पर झालमुड़ी खाकर खुशी जताई। इस दौरान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, अशोक परनामी, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, मंत्री मदन दिलावर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित कई नेता मौजूद रहे। वहीं भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी और झालमुड़ी खाकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने कार्यकर्ताओं को अपने हाथों से झालमुड़ी खिलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है। उन्होंने कहा कि अब बंगाल भी विकास के नए दौर की ओर बढ़ेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा SI भर्ती-2021 रद्द करने का फैसला, चयनित अभ्यर्थियों की याचिका खारिज



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली/जयपुर, 4 मई। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सब-इंस्पेक्टर (SI) भर्ती-2021 को रद्द करने के फैसले को बरकरार रखते हुए चयनित अभ्यर्थियों की स्पेशल लीव पिटीशन (SLP) खारिज कर दी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने सुनवाई के दौरान भर्ती प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ियों पर कड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और गड़बड़ी के मामलों से यह स्पष्ट है कि चयन प्रक्रिया दूषित हो चुकी थी। अदालत ने कहा कि "पानी के गिलास में जहर की कुछ बूंदें गिरने पर पूरे गिलास को फेंकना पड़ता है", उसी प्रकार इस भर्ती में सही और गलत अभ्यर्थियों को अलग करना संभव नहीं है। बेंच ने माना कि भर्ती में "संस्थागत स्तर" पर पेपर लीक हुआ था। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग के एक सदस्य की गिरफ्तारी इस बात का संकेत है कि प्रक्रिया में गंभीर प्रणालीगत खामियां थीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में दोषी और निर्दोष अभ्यर्थियों का पृथक्करण संभव नहीं है, इसलिए पूरी भर्ती को रद्द करना ही उचित उपाय है। अदालत ने नीट परीक्षा मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 28 अगस्त 2025 को भर्ती रद्द करने का फैसला सुनाया था, जिसे बाद में खंडपीठ ने भी 4 अप्रैल 2026 को बरकरार रखा था। चयनित अभ्यर्थियों ने इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने तत्कालीन आरपीएससी चेयरमैन संजय श्रोत्रिय की याचिका भी खारिज कर दी। उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी। अदालत ने साफ कहा कि सार्वजनिक हित से जुड़े इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं हटाई जाएगी।

## माण्डवा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: हिस्ट्रीशीटर के घर से पैंथर की खाल बरामद




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 4 मई। माण्डवा थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर के घर से पैंथर की खाल बरामद की है। मामले में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और वृताधिकारी डुंगर सिंह के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी चन्द्रपाल सिंह तथा डीएसटी प्रभारी विकम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर 3 मई को आमलीघाटी क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान थाना माण्डवा के हिस्ट्रीशीटर सविया के घर से वन्यजीव पैंथर की खाल बरामद की गई। हालांकि कार्रवाई के समय आरोपी घर पर मौजूद नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9/51 के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## भीलवाड़ा की सरकारी स्कूल में छात्र से 200 उठक-बैठक लगाने का आरोप, तबीयत बिगड़ी

**24 न्यूज अपडेट**

भीलवाड़ा, 4 मई। कावाखेड़ा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक बीएड इंटर्न महिला टीचर पर 8वीं के छात्र से 200 उठक-बैठक लगवाने का आरोप लगा है। छात्र की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना सोमवार को कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित स्कूल में हुई। परिजनों के अनुसार पढ़ाई नहीं करने पर महिला टीचर ने छात्र को सजा दी, जिससे उसकी हालत खराब हो गई और वह कक्षा में बेहोश हो गया। बच्चे की मां ने आरोप लगाया कि महिला टीचर पहले भी उसके बेटे से 100 उठक-बैठक लगवा चुकी है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में बच्चे को इस तरह की सजा देना अमानवीय है। मां ने सवाल उठाया कि अगर बच्चे को कुछ हो जाता तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद परिजन बच्चे को लेकर स्कूल पहुंचे और टीचर के खिलाफ नाराजगी जताई। हंगामा बढ़ता देख संबंधित महिला टीचर स्कूल से रवाना हो गई। वहीं स्कूल के स्टाफ इंचार्ज प्रदीप मेहता ने 200 उठक-बैठक लगवाने के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि छात्र को पढ़ाई नहीं करने पर संभवतः कुछ उठक-बैठक लगवाई गई होंगी, लेकिन मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

## संपादकीय : राहत के बीच

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे बहुस्तरीय वैश्विक संकट के बीच देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में खासी बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए निश्चित रूप से संबल प्रदान करेगी। इससे सरकारी कोष को मजबूती मिलेगी और विकास से जुड़ी नीतियों के निर्माण में भी आसानी होगी। जब सरकार के पास पर्याप्त पूंजी का प्रावधान होता है, तो नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं के सृजन या विस्तार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में आर्थिक बाधाएं खत्म हो जाती हैं। जीएसटी संग्रह में 8.7 फीसद की वृद्धि दर्शाती है कि उपभोक्ता बाजार में उत्साह बना हुआ है और लोग सामान एवं सेवाओं पर खर्च कर रहे हैं। सरकार के स्तर पर इस बढ़ोतरी को पिछले वर्ष लागू किए गए जीएसटी सुधारों से जोड़कर देखा जा रहा है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि इन सुधारों से व्यापारी वर्ग से लेकर आम आदमी को एक तरफ राहत जरूर मिली है, लेकिन दूसरी तरफ उनकी मुश्किलें बढ़ी हैं। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते अप्रैल में देश का जीएसटी संग्रह बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस बार घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व 4.3 फीसद बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 फीसद की वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे स्पष्ट है कि आयात से जुड़ी गतिविधियों में इजाफा हुआ है, जो वैश्विक अस्थिरता के बीच राजस्व प्राप्त करने के स्तर पर तो उत्साहजनक हो सकता है, लेकिन आत्मनिर्भरता के मोर्चे पर यह देश के कमजोर पक्ष को दर्शाता है। इसके साथ ही घरेलू लेन- देन और आयात आधारित राजस्व के बीच बढ़ा अंतर नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत की ओर इशारा करता है। ऐसे में जरूरी है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलावों के अनुरूप मजबूत करने के व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं। घरेलू लेन-देन के मोर्चे पर राजस्व संग्रह की बात की जाए, तो सितंबर 2025 से लागू हुए जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें कम की गई थीं और चार श्रेणियों को मिलाकर पांच एवं अठारह फीसद की दो श्रेणियां रखी गई थीं। सरकार का दावा है कि इन सुधारों का मकसद वस्तुओं की कीमतों में कमी लाना, खपत बढ़ाना और बाजार में मांग को विस्तार देना है। मगर सरकार के इस कदम से वस्तुओं की कीमतें कम होती नजर नहीं आ रही हैं और छोटे कारोबारी भी इसे राहत कम और परेशानी ज्यादा मान रहे हैं। इस परेशानी का मूल कारण कच्चे माल एवं सेवाओं तथा तैयार माल की कर दरों के बीच का भारी अंतर है। यानी कई तरह के कच्चे माल को जीएसटी की अठारह फीसद की श्रेणी में रखा गया है, जबकि उससे तैयार माल पर पांच फीसद कर निर्धारित है। हालांकि, अतिरिक्त कर को सरकार से वापस लेने का प्रावधान है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लंबी और जटिल कागजी कार्रवाई के कारण इसमें महीनों लग जाते हैं। इसका असर आम आदमी की जेब पर भी पड़ता है। यह सही है कि राजस्व अर्जित करने के स्रोत में करप्रणाली का महत्त्वपूर्ण योगदान है, लेकिन यह देखना भी सरकार का काम है कि समाज के निचले एवं मध्य वर्ग पर कर का अतिरिक्त बोझ न पड़े।

## सबक के बजाय

किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे हर इंतजाम किए जाएं, ताकि दोबारा उस तरह की त्रासदी न हो। मगर ऐसा लगता है कि हर जगह लापरवाही एक ऐसी सामान्य आदत के रूप में घुल गई है, जिसके कई बार बेहद दुखद नतीजे सामने आते हैं। राजधानी दिल्ली के द्वारका इलाके में एक गोल्फ कोर्स क्लब परिसर में बने जलाशय में बीते हफ्ते जिस तरह तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई, वह एक बार फिर यही दर्शाता है कि लापरवाही और अनदेखी का आलम किस हद तक पसरा हुआ है। शुरुआती छानबीन के मुताबिक, आठ से दस साल के तीन बच्चे कम ऊंचाई वाली दीवार को पार कर गोल्फ कोर्स परिसर में चले गए और संभवतः वहां के कृत्रिम जलाशय में नहाने लगे, जहां डूबने से उनकी जान चली गई। हैरानी की बात यह है कि सुरक्षा कारणों से परिसर की घेराबंदी के लिए खड़ी की गई दीवार की ऊंचाई बस इतनी है कि कोई आठ-दस वर्ष का बच्चा भी उसे पार कर लेता है। संभव है कि वहां कुछ सुरक्षा गार्डों की भी तैनाती होगी, लेकिन दीवार फांद कर बच्चों को परिसर में प्रवेश करने से रोकने वाला कोई नहीं था। डूबने लायक पानी से भरा जलाशय बना हुआ है, लेकिन अगर कोई उसमें गिर जाए, तो उसके बचाव का वहां कोई इंतजाम नहीं है। सवाल है कि इस कदर बहुस्तरीय लापरवाही की वजह से अगर बच्चों की जान चली गई, तो इसकी जवाबदेही किस पर होगी। इस मामले में एक त्रासद पक्ष यह भी है कि जुलाई, 2023 में भी वहां ठीक इसी तरह तीन लड़कों की मौत हो गई थी। उस घटना के बावजूद कोई सबक नहीं लिया गया। नतीजतन, एक बार फिर तीन बच्चों की जान चली गई। यह पूछे जाने की जरूरत है कि इस स्तर की व्यापक लापरवाही का कारण क्या है और क्या परिसर का प्रबंधन इसके लिए जिम्मेदार नहीं है। जलाशयों या जलजमाव की खुली जगहों पर ऐसे हादसों की खबरें अक्सर आती रहती हैं और अमूमन सबमें स्थानीय शासन- तंत्र या फिर संबंधित परिसर के प्रबंधन की लापरवाही ही मुख्य कारण लगती है। मगर न तो ऐसी घटनाओं से सबक लिया जाता है और न ही इसके लिए वास्तविक जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई होती है।

## नशे में युवक 33 केवी बिजली पोल पर चढ़ा, घंटों चला ड्रामा; सुरक्षित उतारकर 11 दिन के लिए जेल भेजा



**24 न्यूज़ अपडेट**

बांसवाड़ा। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के आकलेश्वर गांव में शनिवार को एक युवक की खतरनाक हरकत ने सभी को दहशत में डाल दिया। शराब के नशे में युवक 33 केवी हाईटेंशन बिजली पोल पर चढ़ गया और ऊपर जाकर बैठ गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार आकलेश्वर निवासी गौतम पुत्र रकमा नशे की हालत में अचानक बिजली के ऊंचे पोल पर चढ़ गया। तारों के बेहद करीब बैठे युवक को देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए तुरंत बिजली सप्लाई बंद करवाई गई। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को काफी समझाइश दी गई, जिसके बाद वह नीचे उतरने को तैयार हुआ। इस दौरान पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व लोकसभा सांसद प्रत्याशी अरविंद सीता डामोर भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर सप्लाई बंद करवाई और युवक को सुरक्षित नीचे उतरवाने में सहयोग किया। कोतवाली थानाधिकारी बुधाराम बिश्नोई ने मीडिया को बताया कि युवक को नीचे उतारने के बाद हिरासत में लिया गया और एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहां से उसे 11 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है।

## पटाखे की दुकान पर पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग, सीसीटीवी में दिखा बदमाश, दुकान में थे 50 लाख के पटाखे



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। शहर के व्यस्त सबसिटी सेंटर क्षेत्र में रविवार रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां एक पटाखा दुकान को निशाना बनाकर आगजनी की कोशिश की गई। बदमाशों ने दुकान के बाहर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। घटना रात करीब 8:40 बजे की बताई जा रही है। आग धीरे-धीरे दुकान के काउंटर की ओर बढ़ रही थी, तभी आसपास मौजूद लोगों की नजर लपटों पर पड़ी। उन्होंने तत्काल दुकान मालिक लोकेश लालवानी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लालवानी ने पड़ोसियों की मदद से आग बुझाने की कोशिश शुरू की और कुछ ही देर में स्थिति पर काबू पा लिया। दुकान में बड़ी मात्रा में पटाखे रखे होने के कारण खतरा बेहद गंभीर था। मालिक के अनुसार दुकान में करीब 50 लाख रुपए का माल रखा हुआ था। यदि आग अंदर तक पहुंच जाती तो विस्फोट की आशंका से बड़ा नुकसान हो सकता था। आसपास भी कई अन्य पटाखा दुकानें और गोदाम होने से जोखिम और बढ़ गया था।

पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में एक युवक पेट्रोल से भरी केन लेकर दुकान के पास आता दिखाई देता है। वह शटर के बाहर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाता है और फिर अपने साथियों के साथ वहां से भाग जाता है।

प्राथमिक जांच में घटना के पीछे आपसी रंजिश की बात सामने आई है। दुकान मालिक का आरोप है कि पास के खाली प्लॉट पर कुछ लोगों का जमावड़ा रहता है, जिन्हें कई बार समझाइश दी गई थी। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद व्यापारियों में रोष है। उनका कहना है कि क्षेत्र में पहले भी अव्यवस्था की शिकायतें की गई थीं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

## डूंगरपुर में ऑटो पलटाः क्षमता से अधिक सवारियां बनी हादसे की वजह, 3 छात्र गंभीर घायल



**24 न्यूज़ अपडेट**

डूंगरपुर। सागवाड़ा रोड पर तीजवड़ के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार स्कूल-कॉलेज के तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, तीजवड़ तिराहे से आगे सरकन साईं की ओर से सवारियां लेकर आ रहा ऑटो अचानक संतुलन खो बैठा और पलट गया। हादसे के समय ऑटो में उसकी क्षमता से कहीं ज्यादा लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि 3 सवारी की अनुमति वाले ऑटो में 8 से अधिक लोग बैठे हुए थे। ऑटो पलटते ही उसमें सवार लोग सड़क पर गिर पड़े और मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास से गुजर रहे लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। हादसे में 10वीं कक्षा की छात्रा अंजलि (पुत्री शंकरलाल डामोर), 4 वर्षीय विष्यांशी और बीए के छात्र धनपाल परमार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों का इलाज जारी है। घायल छात्रा अंजलि ने बताया कि ऑटो में ड्राइवर के पास 3 सवारियां बैठी थीं, जबकि पीछे 5 लोग बैठे थे, जिनमें वह और उसकी सहेलियां शामिल थीं। अधिक सवारियां होने के कारण ऑटो असंतुलित हो गया और हादसा हो गया।

## कार-स्कूटी भिड़ंत में 3 युवकों की मौत, 2 घायल; ब्रिज से नीचे गिरे वाहन



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। मादड़ी ब्रिज पर कार और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में स्कूटी सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे जा गिरे। जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार युवक कैटरिंग का काम करते थे और रविवार रात करीब डेढ़ बजे एक शादी समारोह से काम खत्म कर लौट रहे थे। इसी दौरान एकलिंगपुरा चौराहे की ओर से आ रही इनोवा कार से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद स्कूटी कार के नीचे फंस गई और दोनों वाहन अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरे। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में अर्जुन सिंह (40) और सौरभ (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। अर्जुन सिंह मूल रूप से मध्य प्रदेश के देवास के निवासी थे और फिलहाल हिरण मगरी सेक्टर-7 में रह रहे थे। सौरभ भोपाल के रहने वाले थे। वहीं कार सवार योगेश भाट (25) और शिवम (19) घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एमबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि कार सवार भी एक शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को वजह माना जा रहा है।

## अपनों से अपनी बात" कार्यक्रम कल से

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 4 मई। दीन-दुःखियों एवं दिव्यांगजनों की सेवा के लिए समर्पित नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ, बड़ी परिसर में आज से 8 मई तक पांच दिवसीय विशेष संवाद कार्यक्रम "अपनों से अपनी बात" का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संस्थान द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए दिव्यांगजन, उनके परिजन, सेवाभावी सहयोगी तथा संस्थान से जुड़े कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजन परिवारों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करना, उनके अनुभवों को सुनना तथा सेवा कार्यों से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को साझा करना है। इस संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने विचार, अनुभव और सुझाव रखने का अवसर भी मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने दिव्यांग बंधुओं से संवाद किया और मानव सेवा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने संस्थान की विभिन्न सेवा गतिविधियों तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से जानकारी साझा की। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का देशभर में सीधा प्रसारण आस्था चैनल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस संवाद से जुड़कर लाभान्वित हो सकेंगे।

## शक्ति सिंह राणावत कारोही पुनः अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत




**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 04 मई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर कुलदीप सिंह तंवर ने शक्ति सिंह राणावत कारोही को पुनः महासभा का राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया है। नियुक्ति के बाद क्षत्रिय समाज में हर्ष का माहौल है और समाजजनों ने राणावत को शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि शक्ति सिंह राणावत लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने तन, मन और धन से क्षत्रिय समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तंवर ने विश्वास जताया कि राणावत संस्था के संविधान और उद्देश्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अहम योगदान देंगे।

## हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ आनणा बावजी मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव ख्यातनाम भजन गायकों ने समा बांधा, आज शंभू धनगर होंगे मुख्य आकर्षण



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 4 मई। उदयपुर जिले के बड़गांव पंचायत उपखंड क्षेत्र के मारूवास गांव में श्री आनणा जी बावजी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ विधिवत रूप से हुआ। धार्मिक आस्था और उत्साह से भरे इस आयोजन में सुबह से ही श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ख्यातनाम भजन गायकों ने स्वर लहरियां बिखेरी और कार्यक्रम में समा बांधा। मंच संचालक विनायक जोशी ने बताया कि 5 मई को शंभू धनगर के भजनों के प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। इसी कड़ी में 6 आरोही रावल, प्रियंका रावल, अदिति सुखवाल और तिलकेश सुथार, 7 को खुशबू माली और नरेश प्रजापत और 8 मई को भगवत सुथार व त्रिशा सुथार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन से जुड़े अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि यह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव यह महोत्सव 9 मई तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ निरंतर जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मेवाड़-मारवाड़ के साथ देश के प्रमुख संतों का सानिध्य मिलेगा। महोत्सव के तहत प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना, हवन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन महाप्रसादी की व्यवस्था भी की है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। मंदिर परिसर में भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

## विश्वेश्वर महादेव मंदिर का पाटोत्सव 7 को 6 को होगी भजन संध्या

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 4 मई। औदीच्य समाज के आराध्य भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव जी एवं श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर बेडवास का पाटोत्सव भव्य समारोह के रूप में 6-7 मई को मनाया जाएगा। केन्द्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने बताया कि समस्त औदिच्य ब्राह्मण समाज व विश्वेश्वर महादेव जी मंदिर केन्द्रीय कार्यकारिणी बेडवास के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले दो दिवसीय वृहद आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 6 मई की रात्रि 8.15 बजे से रात्रि जागरण व भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें भजन गायक दुर्गाशंकर शर्मा व पार्टी की ओर से भजनों की प्रस्तुति होगी और समाज के विभिन्न भजन गायक भी अपने सुर बिखेरेंगे। अगले दिन 7 मई की सुबह 5.57 बजे से 9.15 बजे तक लघु रुद्री पाठ व श्रृंगार होगा। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक हवन-पूजन और मध्याह्न 12.30 बजे से 01.15 बजे तक ध्वजारोहण व आरती होगी। इसके पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा।

## सुखेर में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, पैर कुचला

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 मई। पेसिफिक हॉस्पिटल के सामने सोमवार शाम एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा भीलों का बेदला क्षेत्र में हुआ। जानकारी के अनुसार शाम करीब 5 बजे उदयपुर की ओर से गोगुंदा जा रहा डंपर अचानक बाइक सवार को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक डंपर के अगले टायर के नीचे फंस गई और बाइक सवार का एक पैर बुरी तरह कुचल गया। हादसे के बाद सड़क पर काफी खून बह गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए अहमदाबाद ले गए। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं टक्कर के तुरंत बाद डंपर भी खराब हो गया, जिसके चलते बाइक काफी देर तक टायर के नीचे फंसी रही। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर सुखेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की सहायता से डंपर को सड़क किनारे हटवाया और मैकेनिक बुलाकर वाहन को चालू करवाया। इसके बाद क्षतिग्रस्त बाइक और डंपर को थाने पहुंचाया गया।

## घर के बाहर से बाइक चोरी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सविना थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार परिवादी अभिषेक मीणा (36), पुत्र रामचन्द्र मीणा, निवासी शिव गौरक्षा नगर, मॉडल टाउन, मालवीय नगर जयपुर हाल प्लॉट नं. 3A, जय श्री नगर, अम्बाफला तितरड़ी ने रिपोर्ट दी कि उनकी यामाहा मोटरसाइकिल नंबर GJ-18-AQ-4604 को 26 अप्रैल की सुबह करीब 2:43 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने घर के बाहर से चोरी कर लिया।घटना का पता चलने के बाद परिवादी ने 3 मई 2026 को सविना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह कर रहे हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।

## 13 लाख की ठगी का मामला दर्ज, गुजरात की फर्म के दो डायरेक्टर नामजद

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक व्यापारी से सामान देने के नाम पर 13 लाख रुपए लेने के बाद भी माल नहीं देने पर पुलिस ने गुजरात स्थित फर्म के दो डायरेक्टरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार परिवादी सचितन भटनागर, निवासी 11 चित्रगुप्त मार्ग, महिला मंडल स्कूल के पास, उदयपुर ने रिपोर्ट दी कि आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर 13 लाख रुपए प्राप्त कर लिए, लेकिन तय अनुसार सामान की आपूर्ति नहीं की। परिवादी ने बताया कि वह पहले भी संबंधित फर्म से सामान खरीद चुका था, जिसके चलते उसने आरोपियों पर भरोसा किया, लेकिन इस बार उसके साथ धोखाधड़ी की गई। मामले में हार्दिक पटेल और निकेश पंचाल, दोनों डायरेक्टर, केलिबर इन्जीटेक (तरसादी GIDC, सूरत, गुजरात) को नामजद किया गया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर राशि हड़प ली।

सूरजपोल थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4), 316(2) और 351(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक उम्मेदा राम कर रहे हैं,

## ट्यूशन पढ़ाने आए युवक पर अश्लील हरकत का आरोप, पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के साथ अशोभनीय हरकत का गंभीर मामला सामने आया है। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार परिवादिया ने रिपोर्ट दी कि 3 मई को उनके घर पढ़ाने आने वाले युवक ने उनकी नाबालिग पुत्री के साथ अनुचित व्यवहार किया। रिपोर्ट में बताया गया कि ट्यूशन के दौरान चाय देने आए व्यक्ति से गिलास लेने को लेकर आरोपी युवक नाराज हो गया और बालिका पर गुस्सा करते हुए अपशब्द कहने लगा। इससे बालिका घबरा गई और रोने लगी। आरोप है कि इसके बाद युवक ने उसे पास बुलाकर पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकत की, जिससे बालिका असहज हो गई। मामले में आरोपी विपुल लखारा पुत्र कन्हैयालाल लखारा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 74, 75(2), 78(2) तथा पोक्सो एक्ट की धारा 17 व 18 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अम्बामाता थाना क्षेत्र में बाइक चोरी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार परिवादी भरत लाल मीणा (29) पुत्र मगनलाल मीणा, निवासी गेड थाना बिछीवाड़ा जिला डूंगरपुर हाल एमबीसी क्वार्टर, ब्लॉक-सी ने रिपोर्ट दी कि उसकी मोटरसाइकिल नंबर RJ 27 BG 5435 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। यह घटना 3 मई की है। परिवादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल भरत सिंह द्वारा की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

## गर्लफ्रेंड के सहारे शातिर अपराधी तक पहुंची पुलिस, नकली सोना देकर व्यापारी से 55 ग्राम चेन ठगने वाला शातिर तनिष्क गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। हाथीपोल थाना पुलिस ने नकली सोने के जरिए सर्राफा व्यापारी से ठगी करने के बहुचर्चित मामले में सोमवार को मुख्य आरोपी तनिष्क शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के जरिए अपनी गर्लफ्रेंड से लगातार संपर्क में रहता था, लेकिन खुद मोबाइल सिम का इस्तेमाल नहीं करता था, जिससे उसे ट्रेस करना पुलिस के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण बन गया। आखिरकार पहले आरोपी के पिता और उसके बाद गर्लफ्रेंड तक पहुंचने के बाद उसके जरिये पुलिस आरोपी तक पहुंच सकी।

मामला 9 फरवरी 2026 का है। घंटाघर क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी नमन सोनी को एक युवक ने फोन कर संपर्क किया और सोने के ठोस (बिस्किटनुमा टुकड़े) बेचने की बात कही। आरोपी ने व्हाट्सएप पर सोने के ठोस का वजन भी बताया और लालच दिया कि वह ज्यादा वजन का सोना देगा, बदले में व्यापारी सोने की चेन लेकर आ जाए। झांसे में आए व्यापारी नमन सोनी आरोपी से मिलने पहुंचे और करीब 55 ग्राम वजनी सोने की चेन युवक को सौंप दी। बदले में मिले सोने के ठोस को जब व्यापारी ने दुकान पर जाकर जांचा तो वह नकली निकला। इसके बाद हाथीपोल थाने में मामला दर्ज कराया गया।

जांच के दौरान पुलिस ने सबसे पहले उन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने घटना में इस्तेमाल की गई सिम कार्ड खरीदी और उपलब्ध कराई थी। पूछताछ में दोनों ने बताया कि सिम उन्होंने भीलवाड़ा निवासी तनिष्क शर्मा को बेची थी। इसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी तनिष्क शर्मा पिता मनोज सोमानी निवासी आजाद नगर, भीलवाड़ा बेहद शातिर तरीके से रह रहा था। वह खुद न तो मोबाइल फोन पर सामान्य कॉल करता था और न ही अपने नाम की सिम इस्तेमाल करता था। आरोपी सोशल मीडिया एप और व्हाट्सएप का उपयोग अलग-अलग माध्यमों से करता था और लगातार अपनी गर्लफ्रेंड के संपर्क में रहता था। पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर पहले पिता और उसके बाद महिला मित्र तक पहुंच बनाई। इसके बाद आरोपी की लोकेशन और गतिविधियों का सुराग मिला और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी को पकड़ना आसान नहीं था, क्योंकि वह लगातार डिजिटल माध्यम बदलता रहता था और सिम कार्ड के बिना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस्तेमाल कर रहा था। साइबर सेल और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। कार्रवाई में हाथीपोल थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक लोकेश कुमार नागदा, कांस्टेबल कैलाश रेबारी सहित साइबर सेल के लोकेश रायकवाल की विशेष भूमिका रही। मामले की मॉनिटरिंग पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा और वृत्ताधिकारी डिप्टी राजेश यादव के निर्देशन में की गई। हाथीपोल थाने की एसएचओ श्रीमती राजूदेवी राज के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

## राजस्थान पुलिस जवानों को वितरित होंगे 5 लाख ओआरएस पैकेट्स



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 04 मई। प्रदेश में तपती धूप और लू के तीखे थपेड़ों के बीच राजस्थान पुलिस ने अपने जवानों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक मानवीय और सराहनीय पहल शुरू की है। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर राज्यभर के कांस्टेबलों को 5 लाख ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट) पैकेट्स वितरित किए जाएंगे, जिससे ड्यूटी के दौरान डिहाइड्रेशन और लू के प्रभाव से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

इस जनहितकारी अभियान में रोटरी क्लब मुंबई से जुड़े प्रवासी राजस्थानी झुंझुनूं मूल के आशीष पोद्दार का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है, जिनकी संवेदनशीलता से पुलिस जवानों को यह सौगात दी जा रही है।

पूरे अभियान की कमान डीआईजी प्रशिक्षण शरद चौधरी के नेतृत्व में संभाली गई है। उनके मार्गदर्शन में यह राहत सामग्री राज्य के 12 पुलिस ट्रेनिंग सेंटरों तथा राजस्थान से बाहर संचालित 4 प्रशिक्षण केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही रेंज आईजी के माध्यम से हर कांस्टेबल तक इसकी प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

योजना के तहत प्रत्येक जवान को 10-10 ओआरएस पैकेट्स दिए जाएंगे, ताकि भीषण गर्मी में लंबी ड्यूटी के दौरान वे खुद को हाइड्रेट और सुरक्षित रख सकें। विशेष रूप से यातायात, कानून-व्यवस्था, गश्त और सार्वजनिक ड्यूटी में तैनात जवानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

### पहली खेप पहुंची :

अभियान की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को पहली खेप के रूप में 90 हजार ओआरएस से भरे पैकेट्स का ट्रक राजस्थान पुलिस अकादमी में पहुंचा। इनमें से पैकेट्स को उतारते हुए प्रशिक्षण केन्द्रों तक पहुंचाया जा रहा है। इन पैकेट्स के वितरण की तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। मंगलवार को दूसरी खेप में भी 90 हजार पैकेट्स आने की संभावना है, जबकि अगले 5 से 7 दिनों में अतिरिक्त सप्लाई भी प्राप्त होगी।

डीआईजी चौधरी ने बताया कि जब प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, ऐसे में पुलिस मुख्यालय की यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कदम है, बल्कि ड्यूटी पर डटे जवानों के लिए सचमुच "राहत की ठंडी फुहार" बनकर सामने आई है।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी ताबड़तोड़ कार्रवाई, 22 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट, 73 मामले दर्ज, 12 आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 मई। राजस्थान में अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए आबकारी विभाग ने विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रदेशभर में व्यापक कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में अब तक 22,410 लीटर वॉश नष्ट किया गया है, जबकि 73 अभियोग दर्ज कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। विभागीय टीमों ने विभिन्न जिलों में नाकाबंदी, गश्त और दबिश देकर अवैध शराब निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। जालोर में आबकारी निरोधक दल ने बड़गांव-बापला रोड पर एक कार से 38 कार्टन अवैध शराब जब्त की। वहीं श्रीगंगानगर में कई स्थानों पर कार्रवाई कर सैकड़ों लीटर वॉश और कच्ची भट्टियां नष्ट की गईं। हनुमानगढ़ में 2400 लीटर वॉश तथा छह कच्ची भट्टियां नष्ट की गईं, जबकि अलवर में करीब दो हजार लीटर वॉश नष्ट कर दो मामले दर्ज किए गए। भरतपुर में विभिन्न ब्रांड की शराब और बीयर बरामद हुई, जबकि बांसवाड़ा और कुशलगढ़ में तीन हजार लीटर वॉश नष्ट कर हथकड़ शराब जब्त की गई। अभियान के दौरान 108.58 लीटर देसी शराब, 355.98 लीटर भारतीय निर्मित विदेशी मदिरा, 98.15 लीटर बीयर और 370 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की गई। साथ ही एक चारपहिया और एक दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 5.50 लाख की ठगी, दंपती के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर एक दंपती के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार परिवादी लाकेश चौधरी, निवासी अरिहंत विहार, पुरोहितों की मादड़ी (थाना प्रतापनगर) ने रिपोर्ट दी कि आरोपियों ने उसे कुवैत में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 5 लाख 50 हजार रुपए ले लिए। आरोप है कि उसे विदेश भेजने के बाद वहां कोई उचित नौकरी नहीं मिली, बल्कि चपरासी स्तर की भी व्यवस्था नहीं हो पाई। पीड़ित किसी तरह वापस भारत लौटा और जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। मामले में कल्पना पटेल पत्नी पंकज पटेल और पंकज पटेल पुत्र गौतमलाल पटेल, निवासी जवास (तहसील खेरवाड़ा, जिला उदयपुर) को नामजद किया गया है। सूरजपोल थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4), 316(2) और 61(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक महेश चन्द्र कर रहे हैं, जो पूरे घटनाक्रम की पड़ताल में जुटे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एमबी अस्पताल की ओपीडी में बंद शौचालयों से मरीज परेशान

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के बहिरंग विभाग (ओपीडी) में मरीजों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में ओपीडी समय के दौरान शौचालयों के बंद रहने और सफाई के नाम पर घंटों तक ताले लगे रहने से मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार एमबी अस्पताल की ओपीडी प्रतिदिन सीमित समय के लिए संचालित होती है, जिसमें शहर सहित दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। इनमें पेट संबंधी बीमारियों, उल्टी-दस्त और अन्य गंभीर समस्याओं से पीड़ित मरीज भी शामिल होते हैं, जिन्हें तत्काल शौचालय सुविधा की आवश्यकता पड़ती है। मरीजों का आरोप है कि कई बार शौचालयों पर ताले लगे रहते हैं या सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई का हवाला देकर उपयोग करने से रोक दिया जाता है। इससे मरीजों, विशेषकर बुजुर्गों और गंभीर रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। परिजनों का कहना है कि कई बार घंटों तक शौचालय नहीं खोले जाते, जिससे मरीजों की परेशानी और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों और मरीजों ने सवाल उठाया है कि जब ओपीडी का समय पहले से निर्धारित है तो सफाई कार्य ओपीडी शुरू होने से पहले या समाप्ति के बाद क्यों नहीं किया जाता। उनका कहना है कि अस्पताल में शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का उपलब्ध नहीं होना स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है। मरीजों और नागरिकों ने अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि ओपीडी समय के दौरान सभी शौचालय अनिवार्य रूप से खुले रखे जाएं तथा व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## अलवर में एसीबी का ट्रैप: पीडब्ल्यूडी एईएन 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

सीकर, 4 मई। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS) में फर्जीवाड़े और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल के अधीक्षक और एक लैब संचालक को गिरफ्तार किया है। एडीजी विशाल बंसल के अनुसार एसओजी ने सोमवार सुबह दबिश देकर हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. कमल कुमार अग्रवाल और लैब संचालक डॉ. बनवारी लाल को गिरफ्तार किया। मामले में इससे पहले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आरजीएचएस परियोजना निदेशक डॉ. निधि पटेल की अनुशंसा पर सात डॉक्टरों को निलंबित किया था। आरोप है कि डॉक्टरों के संगठित गिरोह ने निजी डायग्नोस्टिक सेंटर को फायदा पहुंचाने के लिए मरीजों की बिना जरूरत महंगी जांचें लिखीं। जांच में सामने आया कि कई मरीजों के लिए HbA1c, RA Factor और Procalcitonin जैसी जांचें करवाई गईं, जबकि उनके मेडिकल रिकॉर्ड में इन जांचों का स्पष्ट आधार नहीं मिला। कई मामलों में जांच रिपोर्ट और ओपीडी परामर्श का रिकॉर्ड भी अनुपस्थित पाया गया। मामले में डॉ. सुनील कुमार ढाका, डॉ. मुकेश वर्मा, डॉ. गजराज सिंह, डॉ. एस.एस. राठौड़, डॉ. सुनील शर्मा और डॉ. राकेश कुमार के नाम भी सामने आए हैं। फिलहाल एसओजी पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## आरजीएचएस घोटाले में एसओजी की बड़ी कार्रवाई: सीकर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अधीक्षक सहित दो गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

सीकर, 4 मई। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS) में फर्जीवाड़े और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल के अधीक्षक और एक लैब संचालक को गिरफ्तार किया है। एडीजी विशाल बंसल के अनुसार एसओजी ने सोमवार सुबह दबिश देकर हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. कमल कुमार अग्रवाल और लैब संचालक डॉ. बनवारी लाल को गिरफ्तार किया। मामले में इससे पहले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आरजीएचएस परियोजना निदेशक डॉ. निधि पटेल की अनुशंसा पर सात डॉक्टरों को निलंबित किया था। आरोप है कि डॉक्टरों के संगठित गिरोह ने निजी डायग्नोस्टिक सेंटर को फायदा पहुंचाने के लिए मरीजों की बिना जरूरत महंगी जांचें लिखीं। जांच में सामने आया कि कई मरीजों के लिए HbA1c, RA Factor और Procalcitonin जैसी जांचें करवाई गईं, जबकि उनके मेडिकल रिकॉर्ड में इन जांचों का स्पष्ट आधार नहीं मिला। कई मामलों में जांच रिपोर्ट और ओपीडी परामर्श का रिकॉर्ड भी अनुपस्थित पाया गया। मामले में डॉ. सुनील कुमार ढाका, डॉ. मुकेश वर्मा, डॉ. गजराज सिंह, डॉ. एस.एस. राठौड़, डॉ. सुनील शर्मा और डॉ. राकेश कुमार के नाम भी सामने आए हैं। फिलहाल एसओजी पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# मेडिकल प्रोफेशन में उत्कृष्टता ही असली सफलता की कसौटीः डॉ. सुधीर श्रीवास्तव

## अमेरिकन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, उदयपुर द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित, 235 विद्यार्थियों को मिली डिग्री




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अमेरिकन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (AIIMS), उदयपुर में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जहां चिकित्सा क्षेत्र के दिग्गजों ने नवस्नातक डॉक्टरों को उत्कृष्टता, सेवा और समर्पण का संदेश दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात कार्डियक थोरेसिक सर्जन एवं सर्जिकल रोबोट निर्माता कंपनी के चेयरमैन डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि मेडिकल प्रोफेशन में असली सफलता डिग्री या पद से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि एक डॉक्टर अपने ज्ञान और अनुभव से कितने लोगों को जीवन दे पाया।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता (एक्सीलेंस) केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। आज के दौर में सर्जिकल रोबोटिक्स तेजी से विकसित हो रहा है और भारत इस क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि एसएसआई मंत्रा के माध्यम से देशभर में 200 से अधिक स्थानों पर सर्जिकल रोबोट स्थापित किए जा चुके हैं, जो जटिल सर्जरी विशेषकर हृदय सर्जरी में उपयोगी साबित हो रहे हैं। उनका मानना है कि यही जुनून भारत को वैश्विक चिकित्सा मानचित्र पर आगे ले जाएगा। समारोह के विशिष्ट अतिथि आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल जैन ने कहा कि मेडिकल डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि एक डॉक्टर की पहचान और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि मरीजों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनना, उन्हें पर्याप्त समय देना और सर्वोत्तम उपचार देना ही एक सच्चे चिकित्सक का कर्तव्य है। अमेरिकन मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ. कीर्ति जैन ने अपने संबोधन में कहा कि डिग्री प्राप्त करने के बाद हर व्यक्ति आर्थिक रूप से आगे बढ़ता है, लेकिन असली संतुष्टि वही कार्य देता है जो मानवता के हित में हो। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता का प्रदर्शन तभी सार्थक है जब वह समाज और मरीजों के कल्याण के लिए हो। उन्होंने डॉ. सुधीर श्रीवास्तव का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने 1400 से अधिक रोबोटिक सर्जरी कर देश को नई दिशा दी है। समारोह में कुल 235 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई, जिनमें 150 अंडरग्रेजुएट (यूजी) और 85 पोस्टग्रेजुएट (पीजी) छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. कीर्ति जैन, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, डॉ. राहुल जैन, डॉ. एस.के. कसेसिक, डॉ. आनंद झा, डॉ. प्रिया जैन, एमपीयूएटी के कुलपति प्रकाश सिंह धाकड़, सिंघानिया यूनिवर्सिटी के कुलपति संजय सिन्हा, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राकेश कुमार व्यास तथा आईएमए राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान कर उन्हें चिकित्सकीय सेवा की शपथ दिलाई। दीक्षांत समारोह का माहौल उत्साह और भावनाओं से भरा रहा। गाउन पहने छात्र-छात्राओं के चेहरे पर सफलता की चमक थी, वहीं परिजनों की आंखों में गर्व और खुशी साफ झलक रही थी।

# IPMAT इंदौर 2026 परीक्षा संपन्न, क्वांटिटेटिव MCQ सेक्शन रहा सबसे चुनौतीपूर्ण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर/इंदौर, 4 मई 2026। देश की प्रतिष्ठित प्रबंधन प्रवेश परीक्षा IPMAT इंदौर 2026 रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा IIM इंदौर सहित देश के कई शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश का प्रमुख माध्यम मानी जाती है। IPMAT के जरिए छात्रों को Indian Institute of Management Indore, Indian Institute of Management Ranchi, Indian Institute of Management Sirmaur, Indian Institute of Management Sambalpur, Indian Institute of Management Amritsar, Indian Institute of Management Shillong तथा Indian Institute of Foreign Trade जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश का अवसर मिलता है। एमडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल और द रेडियंट एकेडमी के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी तथा द रेडियंट एकेडमी के प्रबंधन विभाग प्रमुख प्रियंक पालीवाल के अनुसार इस वर्ष परीक्षा का स्तर मध्यम (Moderate) रहा, हालांकि क्वांटिटेटिव एबिलिटी (MCQ) सेक्शन ने छात्रों की अच्छी परीक्षा ली। विशेषज्ञों के अनुसार क्वांटिटेटिव एबिलिटी (लघु उत्तरीय) खंड आसान से मध्यम स्तर का था, जिससे छात्रों को बेहतर स्कोरिंग का मौका मिला। वहीं क्वांटिटेटिव एबिलिटी (MCQ) सेक्शन सबसे कठिन रहा। इसमें बीजगणित, लघुगणक, प्रायिकता और ज्यामिति से जुड़े प्रश्नों ने छात्रों की गति और सटीकता दोनों को चुनौती दी। वर्बल एबिलिटी सेक्शन अपेक्षाकृत आसान रहा, लेकिन प्रश्नों की संख्या अधिक होने से समय प्रबंधन छात्रों के लिए अहम साबित हुआ। डॉ. शैलेन्द्र सोमानी ने कहा कि "IPMAT जैसी परीक्षाएं केवल अकादमिक ज्ञान नहीं, बल्कि दबाव में सही निर्णय लेने की क्षमता का भी मूल्यांकन करती हैं। इस वर्ष के प्रश्नपत्र ने यह स्पष्ट कर दिया कि सफलता के लिए कम से कम 1 से 2 वर्षों की नियमित और निरंतर तैयारी आवश्यक है।" वहीं प्रियांक पालीवाल के अनुसार क्वांटिटेटिव MCQ सेक्शन की कठिनाई के कारण इस वर्ष समग्र कट-ऑफ में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने सटीकता (Accuracy) पर ध्यान केंद्रित किया, उन्हें इस बार बढ़त मिलने की संभावना है। वर्बल एबिलिटी सेक्शन ने प्रश्नपत्र में संतुलन बनाए रखने का कार्य किया। उदयपुर परीक्षा केंद्र पर करीब 110 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सिरोही और कोटा सहित विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थी शामिल थे। विशेषज्ञों का मानना है कि IPMAT इंदौर 2026 ने एक बार फिर साबित किया है कि शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश के लिए केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि रणनीतिक तैयारी, बेहतर समय प्रबंधन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की असली कुंजी है।

# 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान को लेकर कांग्रेस की समीक्षा बैठक सम्पन्न




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 मई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चलाए जा रहे "संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ" जन-जागरण अभियान के तहत उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने की। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत बनाने तथा ग्राम पंचायत एवं वार्ड इकाइयों के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक स्तर पर नियुक्त प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रभारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लॉक में ग्राम पंचायत अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी का गठन शीघ्र पूर्ण कर उसकी रिपोर्ट तय समय सीमा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत एवं वार्ड इकाइयों में सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। सभी प्रभारी एवं सह-प्रभारी वरिष्ठ नेताओं के साथ समन्वय स्थापित कर इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं संगठन को मजबूत करना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से पार्टी आमजन तक पहुंच बनाकर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। साथ ही आगामी चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त उदयपुर ग्रामीण विधानसभा प्रभारी अरविंद डामोर का स्वागत भी किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन विस्तार के कार्य में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. कल्याण सिंह राव, भंवर लाल गुर्जर, डॉ. कौशल नागदा, श्याम लाल आमेटा, मधु सालवी, डॉ. संजीव राजपुरोहित, जमना लाल शर्मा, किशन वाधवानी, राजेश मेनारिया, शिव लाल गुर्जर, रमेश पटेल, सौरभ शर्मा, ललित गुर्जर, प्रवीण सालवी, रोशन लाल गौड़, शंकर लाल मीणा, जग्गू राम मीणा और हेमंत मईड़ा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 66वें केंद्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के लिए आवेदन शुरू, उदयपुर के खिलाड़ी 15 मई तक कर सकेंगे आवेदन




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें पेशेवर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर ने 66वें केंद्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविरों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जून माह में प्रदेश के तीन प्रमुख केंद्रों — माउंट आबू, जयपुर और बांसवाड़ा में इन आवासीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को तलाशकर उन्हें भविष्य के ओलंपिक और नेशनल गेम्स के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि माउंट आबू में आयोजित होने वाले 66वें केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी और बॉक्सिंग में बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। वहीं जयपुर मुख्यालय पर फुटबॉल, क्रिकेट, जिम्नास्टिक, जूडो, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी और साइक्लिंग में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा खो-खो और भारोत्तोलन में केवल बालक खिलाड़ी आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय जनजाति प्रशिक्षण शिविर बांसवाड़ा में वॉलीबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी, खो-खो, फुटबॉल और हैंडबॉल में बालक-बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि बास्केटबॉल में केवल बालक खिलाड़ी आवेदन कर सकेंगे। खिलाड़ी आवेदन पत्र राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं अथवा जिला खेल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। आवासीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए 30 जून 2026 को खिलाड़ी की न्यूनतम आयु 14 वर्ष तथा अधिकतम आयु 17 वर्ष निर्धारित की गई है। अर्थात प्रशिक्षणार्थी की आयु 30 जून 2026 को 14 वर्ष से कम एवं 17 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु प्रमाण के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, स्कूल प्रमाण-पत्र अथवा सरपंच द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर में आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है, जबकि क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, लवकुश इंडोर स्टेडियम, चेतक सर्कल उदयपुर कार्यालय में आवेदन 12 मई 2026 तक जमा कराए जा सकते हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक मैनेजर का पद छोड़ संयम मार्ग पर अग्रसर, कोमल जैन 6 मई को लेंगी दीक्षा




24 न्यूज अपडेट

सिरोही। जिले की रेवदर तहसील के भटाना गांव की 31 वर्षीय सीए कोमल जैन ने सांसारिक जीवन त्यागकर आध्यात्मिक मार्ग चुनने का निर्णय लिया है। आईसीआईसीआई बैंक में मैनेजर पद पर कार्यरत रहीं कोमल जैन 6 मई को जैन दीक्षा ग्रहण करेंगी। यह दीक्षा समारोह आचार्य भगवंत गुणरत्नसूरीजी परंपरा के आचार्यदेव रविरत्नसूरीजी एवं आचार्य जयेशरत्नसूरीजी की पावन निश्रा में संपन्न होगा। कोमल जैन के पिता पुखराज परमार सूरत में कपड़ा व्यवसायी हैं। परिवार के अनुसार भटाना गांव से अब तक सात युवतियां साध्वी बन चुकी हैं, जबकि एक युवक मुनिराज के रूप में दीक्षित हुआ है। कोमल जैन इस गांव से दीक्षा लेने वाली आठवीं मुमुक्षा होंगी।

### 497वीं शिष्या के रूप में होंगी शामिल

दीक्षा के बाद कोमल जैन तपस्वीरत्न साध्वी धर्मांगरेखाश्रीजी की सुशिष्या बनेंगी। वे गुरुमाता प्रवर्तिनी पुण्यरेखाश्रीजी के विशाल संघ की 497वीं शिष्या के रूप में शामिल होंगी।

### आध्यात्मिक झुकाव ने बदली जीवन दिशा

कोमल जैन ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि "संसार एक सपना है, संयम का मार्ग ही सत्य का मार्ग है।" उन्होंने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई और बैंक में नौकरी के बावजूद उनका मन हमेशा जैन धर्म, साधना और आत्मकल्याण की ओर आकर्षित रहा। पालीताणा में उपधान के दौरान उन्हें आध्यात्मिक अनुभव हुआ, जिसके बाद उन्होंने संस्कृत, कर्मग्रंथ, जीव विचार और नवतत्व शास्त्र का अध्ययन कर दीक्षा का संकल्प लिया।

### परिवार ने दिया पूरा समर्थन

कोमल जैन ने अपने निर्णय का श्रेय माता-पिता को देते हुए कहा कि उन्हें बचपन से ही श्रेष्ठ संस्कार मिले और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। परिवारजनों ने भी उनके इस निर्णय पर गर्व व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया।

### दीक्षा महोत्सव के तहत विविध आयोजन

दीक्षा से पूर्व भटाना गांव में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को आचार्य भगवंतों का भव्य मंगल प्रवेश होगा। मंगलवार को वर्षीदान वरघोड़ा निकलेगा और बुधवार को शुभ मुहूर्त में दीक्षा समारोह संपन्न होगा। इस अवसर पर साध्वी धर्मांगरेखाश्रीजी के 100 वर्धमान तप की ओली का पारणा भी आयोजित किया जाएगा, जिससे जैन समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजजन इस महोत्सव में शामिल होने पहुंचेंगे। गांव की लगभग 100 घरों की जैन बस्ती ने पूरे भटाना को विशेष रूप से सजाया है, जिससे यह आयोजन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व प्राप्त कर रहा है।

# एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के दो खिलाड़ियों का चयन, पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाएंगे दम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 मई। चीन के हाइनान शहर में 9 से 15 मई 2026 तक आयोजित होने वाली एशियन जूनियर इक्यूपड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजस्थान के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू ने बताया कि 93 किलोग्राम भार वर्ग में डीग के योगेंद्र सोगरवाल तथा 120 किलोग्राम भार वर्ग में अलवर के जितेंद्र शर्मा का चयन भारतीय पावरलिफ्टिंग टीम में किया गया है। दोनों खिलाड़ियों के चयन से राजस्थान के खेल जगत में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ी 8 मई को दिल्ली पहुंचेंगे, जहां से वे उसी रात 17 सदस्यीय भारतीय टीम के साथ फ्लाइट द्वारा चीन रवाना होंगे। भारतीय टीम के साथ कोच जोसफ जेम्स तथा पावरलिफ्टिंग इंडिया के महासचिव और अर्जुन अवॉर्डी पी. जे. जोसफ भी चीन जाएंगे। राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली, सचिव डॉ. देवेंद्र साहू, आयोजन सचिव एवं पावरलिफ्टिंग इंडिया के उपाध्यक्ष विनोद साहू, कोषाध्यक्ष राजाराम शर्मा, कोच आशीष जैमन, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव साहू, चंद्रेश सोनी और भूपेंद्र व्यास सहित कई खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। खेल प्रेमियों ने विश्वास जताया कि योगेंद्र सोगरवाल और जितेंद्र शर्मा एशियन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतेंगे और राजस्थान का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।